तकनीकी कालेजों में विशेष छात्रों को मिलेगी ब्रेल लिपि पाठ्य सामग्री

जागरण संवाददाता, देहरादून : इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट कालेजों के विशेष छात्रों को पढ़ाई में दिक्कत नहीं हो इसके लिए तकनीकी कालेजों में किताबें ब्रेल लिपि, आडियो और डिजिटल मोड में उपलब्ध कराने की तैयारी की जा रही है। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) ने सभी तकनीकी कालेजों को इसके निर्देश दिए हैं।

उत्तराखंड में वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) से संबद्ध 80 राजकीय, सहायता प्राप्त व निजी कालेज संबद्ध हैं, जिनमें इंजीनियरिंग और प्रबंधन की पढ़ाई होती है। इन संस्थान में विशेष छात्रों को एआइसीटीई के निर्णय से लाभ मिलेगा। एआइसीटीई के मुताबिक देश के समस्त तकनीकी कालेजों में पढ़ने वाले सभी दृष्टिबाधित छात्रों को भी आम छात्रों की तर्ज पर पाठ्यसामग्री मिलना जरूरी है। इसलिए सभी तकनीकी कालेजों से कहा है कि वे ऐसे छात्रों के लिए किताबें मुहैया करवाएं। पाठ्यक्रम के तहत मार्केट में यदि पहले से ब्रेल लिपि, आडियो किताबें, बड़े अक्षरों में प्रिंट किताबें और डिजिटल मोड में जो भी पाठ्य सामग्री उपलब्ध हो, तो तकनीकी संस्थान उन्हें खरीदकर दृष्टिबाधित छात्रों को दे सकता है। एआइसीटीई ने कालेजों को ऐसी पाठ्यसामग्री को एकत्रित करके छात्रों तक पहुंचाने की व्यवस्था करने को भी कहा है।

यूटीयू के सभी संस्थानों को दिए गए हैं निर्देश : कुलपति

वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) के कुलपति प्रो. ओंकार सिह ने एआइसीटीई के आदेश की पुष्टि की। कहा कि इस योजना से विशेष छात्रों को पढ़ने में प्रोत्साहन मिलेगा। विवि कैंपस और अन्य संबद्ध संस्थान में किताबें ब्रेल लिपि, आडियो और डिजिटल मोड़ में संस्थान में रखने के आदेश दिए गए हैं। दृष्टिबाधित छात्रों के लिए किताब मुफ्त में उपलब्ध कराने को भी कहा गया है।

यूटीयू के सहयोग को तैयार एनआइईपीवीडी : राजपुर रोड स्थित राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तीकरण संस्थान (एनआइईपीवीडी) के निदेशक मनीष वर्मा ने संपर्क करने पर कहा कि उनके संस्थान में विशेष छात्रों के लिए ब्रेल लिपि की पाठ्यसामग्री डिजिटल मोड में उपलब्ध है।